प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 रविवार दिनांक 12.01.2025

मुख्य समाचारः—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत युवा नेता संवाद में कहा कि भारत की युवा शक्ति जल्द ही उसे एक विकसित राष्ट्र बनाएगी।
- अडानी समूह, छत्तीसगढ़ में ऊर्जा और सीमेंट के क्षेत्र में पैंसठ हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि का निवेश करेगा।
- बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में पांच माओवादी मारे गए—नारायणपुर में माओवादियों द्वारा छिपाकर रखी गई विस्फोटक सामग्री बरामद।
- आस्था और मानवता के सबसे बड़े संगम महाकुंभ की शुरुआत कल प्रयागराज में पौष पूर्णिमा पर पहले अमृत स्नान के साथ होगी।

प्रधानमंत्री—युवा नेता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की युवा शक्ति जल्द ही उसे एक विकसित राष्ट्र बनाएगी। आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद के अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही है।

कार्यक्रम में श्री मोदी ने देशभर के तीन हजार युवा नेताओं से बातचीत की। विकसित भारत युवा नेता संवाद में छत्तीसगढ़ से भी पचहत्तर युवा शामिल हुए। दंतेवाड़ा की नंदिनी दीक्षित ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया —

वहीं, बस्तर जिले के यश ललित जिंदल ने बताया कि उनका अनुभव अद्वितीय रहा।

गौरतलब है कि बीते दस जनवरी से शुरू हुए तीन दिन के विकसित भारत युवा नेता संवाद ने युवाओं को विकसित भारत के लिए अभिनव समाधान प्रस्तुत करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया।

राष्ट्रीय युवा दिवस–राज्यपाल/अरूण साव

वहीं, राज्यपाल रमेन डेका आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के रामकृष्ण मिशन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को साझा करते हुए कहा कि आज के युवा आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकते हैं।

इधर, उपमुख्यमंत्री अरूण साव आज नारायणपुर के रामकृष्ण मिशन आश्रम में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर श्री साव ने कहा कि राज्य सरकार, युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि नारायणपुर जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में स्वामी विवेकानंद रामकृष्ण मिशन द्वारा आश्रम संचालित किए जा रहे हैं, जहां शिक्षा के साथ–साथ भारतीय संस्कृति और समाज के उत्थान के कार्य हो रहे हैं। कार्यक्रम को वन मंत्री केदार कश्यप और रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानंद जी महाराज ने भी संबोधित किया।

राज्य स्तरीय युवा महोत्सव

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव अब से कुछ देर बाद शुरू होगा।

उद्घाटन समारोह के पहले विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें युवा प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। इसके तहत  लोकनृत्य, रंगमंच, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां हुईं।

अडानी/मुख्यमंत्री–मुलाकात

अडानी समूह छत्तीसगढ़ में ऊर्जा और सीमेंट के क्षेत्र में पैंसठ हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि का निवेश करेगा। यह घोषणा अडानी समूह के प्रमुख  गौतम अडानी ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में मुलाकात के दौरान की। उन्होंने बताया कि अडानी समूह प्रदेश के रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में पावर प्लांट के विस्तार के लिए साठ हजार करोड़ रूपये का निवेश करेगा। इन परियोजनाओं के माध्यम से राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता में छह हजार एक सौ बीस मेगावाट की अतिरिक्त बढ़ोत्तरी होगी। इसके अलावा अडानी समूह राज्य में सीमेंट संयंत्रों के विकास और विस्तार के लिए भी पांच हजार करोड़ रूपये का निवेश करेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अडानी समूह की इस पहल की सराहना करते हुए इसे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक बड़ा कदम बताया।

<u>आईएएस–तबादला</u>

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के पांच और भारतीय वन सेवा के एक अधिकारी के प्रभार में फेरबदल किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक आईईएस सुब्रत साहू को सहकारिता विभाग के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, जयप्रकाश मौर्य को हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अतिरिक्त प्रभार की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह, रिमीजियुस एक्का को नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के संचालक, रजत बंसल को सुशासन और अभिसरण विभाग का विशेष सचिव और आईएएस कुंदन कुमार को रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके अलावा भारतीय वन सेवा के अधिकारी जगदीश एस. को चिराग परियोजना के प्रोजेक्ट डायरेक्टर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

<u>इंडियन वाटर अधिवेशन–समापन</u>

रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन आज संपन्न हो गया। इस अधिवेशन में सोलह तकनीकी सत्रों का आयोजन हुआ। वहीं, छप्पन शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन के महासचिव बसंता कुमार परिदा ने अधिवेशन के संबंध में जानकारी दी।

माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में पांच माओवादी मारे गए हैं।

उधर, नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों की टीम ने माओवादियों द्वारा डम्प किए गए विस्फोटक पदार्थ के अलावा अन्य माओवादी सामग्री बरामद की हैं।

सड़क दुर्घटना

महाकुंभ में शामिल होने सपरिवार प्रयागराज जा रहे भाटापारा के विधायक इंद्रकुमार साव का वाहन आज दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में उनकी पत्नी घायल हो गई हैं। परिवार के अन्य सदस्य सुरक्षित हैं। घटना में विधायक के सुरक्षा गार्ड को गंभीर चोटें आई हैं। भाटापारा शहर थाना प्रभारी ने बताया कि विधायक श्री साव बलरामपुर से प्रयागराज जा रहे थे। इस दौरान सोनपुर के पास उनकी कार ट्रक से जा टकराई।

उधर, जांजगीर–चांपा जिले में शिवरीनारायण के पास ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल दो अन्य युवकों को पामगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों युवक ग्राम कोसीर के रहने वाले हैं।

हत्या–आरोपी गिरफ्तार

सूरजपुर जिले में खड़गवां चौकी क्षेत्र के ग्राम केरता में बीते दिनों जमीन विवाद को लेकर एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या के मामले में पुलिस ने तेईस लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी एक ही परिवार

के हैं। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

उधर, कोरबा में सराफा व्यापारी की हत्या के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों मे से एक मृतक सराफा व्यापारी का ड्राइवर है।

प्रयागराज–महाकुंभ

महाकुंभ से संबंधित खबरें –

आस्था और मानवता के सबसे बड़े संगम महाकुंभ की शुरुआत कल उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में पौष पूर्णिमा पर पहले अमृत स्नान के साथ होगी। इस भव्य आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महाकुंभ में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। संस्कृति मंत्रालय ने प्रयागराज में कलाग्राम बनाया है, जो देश की समृद्ध और जीवंत संस्कृति को प्रदर्शित करेगा। प्रयागराज में विभिन्न स्थानों पर घने जंगल विकसित किए गए हैं, ताकि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध हवा और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

मौसम

प्रदेश में अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने के कारण नमी की मात्रा में कमी आएगी। इसके असर से प्रदेश के तापमान में गिरावट हो सकती है।

वहीं, पंद्रह जनवरी से फिर से एक पश्चिमी विक्षोभ बनने के कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में वृद्धि का दौर शुरू होगा।

<><><><><>